एक नजर में

किसानों की मांगों को लेकर धरना शुरू

शुजालपुर, 1 सितंबर. फसल बीमा राशि दिलाने और नर्मदा सिंचाई परियोजना से छूटे गांवों को परियोजना से जोड़ने सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार से शुरू हुआ. नई तहसील परिसर में दोपहर 12 बजे से शुरू हुए धरने में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की. भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन लंबे समय से किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई शासन-प्रशासन के समक्ष लड़ता आया है. वर्तमान में भी किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए आंदोलन किया जा रहा है. वक्ताओं ने किसानों से एकजुट होकर आंदोलन में सहभागिता करने का आह्वान किया. धरना स्थल पर किसानों ने किसान शक्ति जागेगी, सारी समस्या भागेगी और हे किसान तू रहेगा मौन तेरे लिए बोलेगा कौन जैसे नारे लगाए. इस अवसर पर सवाईसिंह सिसोदिया, राधेश्याम धनगर, खामसिंह परमार, चंदरसिंह राजपूत, रामचंदर धनगर, राजेन्द्र सिंह मेवाडा, माखनसिंह धनगर आदि उपस्थित थे.

पहले दिन नहीं पहुंचे अधिकारी

आंदोलनकारियों के अनुसार धरने के पहले दिन कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा और न ही प्रशासन की ओर से आंदोलनकारियों से चर्चा की गई. किसानों ने कहा कि मांगों के निराकरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा. भारतीय किसान संघ ने आगामी दिनों में धरने को और व्यापक रूप देने की बात कही है.

सड़क किनारे खड़े युवकों को तेज रफ्तार बस ने रौंदा

शाजापुर, 1 सितंबर. नेशनल हाईवे 52 पर सोमवार शाम को एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई. उकावता चौकी क्षेत्र में गिरी पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़े दो युवकों को एक तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. इनके साथ इनका तीसरा साथी भी था जो बाइक खड़ी कर किसी काम के लिए थोड़ा दूर चला गया जिसकी जान बच गई. जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले के ग्राम नवादा से तीन दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर निकले थे, वे अपने साथी अखिलेश को उसके गांव छोड़ने जा रहे थे. रास्ते में बाइक चला रहे जितेंद्र ने पेट्रोल पंप के पास गाड़ी रोकी और थोड़ा दूर चला गया. इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे अखिलेश और कैलाश सड़क किनारे खड़े होकर उसका इंतजार कर रहे थे. तभी कुछ देर बाद सामने से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़े अखिलेश 28 और कैलाश 50 को जोरदार टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही जान चली गई. वारदात के बाद बस चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया.

अस्पताल पहुंचा शव, तलाश में जुटी पुलिस

घटना की खबर मिलते ही उकावता चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को शाजापुर जिला अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार अज्ञात बस व उसके चालक की तलाश की जा रही है. प्रत्यक्षदर्शियों ने भी बताया कि बस काफी तेज गति से चल रही थी और दोनों दोस्त सड़क किनारे खड़े हुए थे और इनकी कोई गलती नहीं थी.

तीसरी नजर की जद में रहेगा शाजापुर जिला

▶ एसपी की नई पहल 53 दिनें में लगाए 250 सीसीटीवी कैमरे

शाजापुर, 1 सितंबर. जिले को अपराधमुक्त बनाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. इसी कड़ी में एसपी प्रियंका शुक्ला द्वारा नई पहल की गई है. जिनके माध्यम से व लोगों के सहयोग से जिले भर में 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि अपराधी बच न सके और पुलिस गिरफ्त में आ सके.

एसपी द्वारा की गई इस पहल के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 64 स्थानों पर कुल 250 सीसीटीवी कैमरे ग्राप एवं जन सहयोग के सहयोग से स्थापित किए गए हैं. इन कैमरों के माध्यम से प्रमुख चैराहों, बाजारों, मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर आसानी से निगरानी रखी जा सकेगी.

53 दिनों में लगाए 250 से अधिक कैमरे

अभियान की शुरूआत 10 जुलाई से की गई थी, जिसके चलते अब तक जन सहयोग एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की दिशा में लगातार कार्य किया गया. इस प्रकार लगभग 1 माह 21 दिन कुल 53 दिन की अवधि में विभिन्न स्थानों पर 250 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए. इन सीसीटीवी कैमरों से पुलिस को अपराधों की रोकथाम एवं अपराध घटित होने की स्थिति में घटनाओं के साक्ष्य जुटाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी. साथ ही बाजारों एवं प्रमुख स्थानों पर निगरानी बढ़ने से असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में भी मदद मिलेगी.

आमजनों से भी की अपील...

एसपी श्रीमती शुक्ला ने आमजन, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से भी अपील की है कि वे जन सुरक्षा की इस महत्वपूर्ण पहल में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें. ताकि जिले के शेष चिन्हित स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर एक मजबूत एवं प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित किया जा सके.

अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल पहुंचने से पहले युवक की मौत

शुजालपुर, 1 सितंबर. शहर स्थित ब्रजनगर कॉलोनी में सोमवार देर रात एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई. कंघी मोहल्ले के समीप युवक अचेत अवस्था में मिला. स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे शुजालपुर मंडी के शासकीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई.

मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है. इसके चलते शव को पोस्टमार्टम कक्ष के फ्रीजर में सुरक्षित रखवाया गया. इस बीच युवक की तबीयत बिगड़ने से पहले के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं. शासकीय अस्पताल में वीडियो देखने के बाद बताया कि उसमें युवक की स्थिति असामान्य नजर आ रही है. प्रथम दृष्टया दौरे जैसी स्थिति प्रतीत हो रही है. हालांकि मौत के कारण के संबंध में अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं है.

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारण की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है. आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो शुजालपुर मंडी पुलिस थाने में सूचना दें. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

बीकेएसएन कॉलेज में लगा यूवी प्लांट

शाजापुर, 1 सितंबर. विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शाजापुर में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक यूवी वाटर प्यूरीफिकेशन प्लांट स्थापित किया गया है.

महाविद्यालय परिसर में स्थापित इस यूवी प्लांट के माध्यम से विद्यार्थियों को शुद्ध, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा. यह पहल विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रति महाविद्यालय की संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती है. प्राचार्य डॉ. एसके तिवारो ने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा

विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर निरंतर जोर दिया जा रहा है. इसी क्रम में स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है. महाविद्यालय की यह पहल स्वस्थ विद्यार्थी/सशक्त विद्यार्थी की भावना को मजबूत करती है तथा विद्यार्थियों के कल्याण एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में महाविद्यालय के निरंतर प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है.

सोयाबीन की सेहत देखने पहुंचे विशेषज्ञ

शाजापुर, 1 सितंबर. कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के विशेषज्ञों द्वारा ग्राम सतगांव, नारायणगांव, हरणगांव, बाईहेड़ा, जायहेड़ा एवं लखमनखेड़ी में सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक एवं कीट व्याधि से ग्रसित फसल का निरीक्षण किया गया.

जिसमें उपसंचालक कृषि आरएल जामरे एवं कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर के वैज्ञानिक डॉ.एसएस धाकड़ द्वारा ग्राम के किसान बालू सिंह पिता कालू सिंह, शंकर लाल, मनोहर सिंह पिता कुमेर सिंह, राजेंद्र सिंह के खेतों पर भ्रमण कर सोयाबीन की फसल की स्थिति का अवलोकन किया गया. कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग

कालापीपल द्वारा कालापीपल विकासखंड के ग्राम नांदनी, बेहरावल, खोखराकलां, इमलीखेड़ा इत्यादी गांव का भ्रमण किया गया. जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. मुकेश सिंह, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महेश मालवीय बाबूलाल बेहरावल एवं मूलीखेड़ा के गंगाराम इत्यादि के साथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक एवं कीट व्याधि से ग्रसित फसल का अवलोकन कर समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया.

संत रविदास जयंती पर निकलेगी रथ यात्रा

शुजालपुर, 1 सितंबर. संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में निकाली जा रही पवित्र कलश यात्रा के क्रम में बुधवार को शुजालपुर में रथ यात्रा पहुंचेगी. रथ यात्रा का शुभारंभ 2 सितंबर को सुबह 10 बजे वार्ड क्रमांक 3 स्थित रविदास मंदिर से होगा. कार्यक्रम में मंत्री इंदर सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. रथ यात्रा के आयोजन को लेकर नगर मंडल भाजपा की ओर से तैयारियां की जा रही है. नगर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में रथ यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

एक नजर

सिस्टम हो रहा सक्रिय, अच्छी बारिश के आसार

फिर जागी उम्मीद, कल से 3 दिन बारिश के आसार...

शाजापुर, 1 सितंबर. अल्पवर्षा का दंश झेल रहे नगरवासियों के लिए मौसम विभाग ने फिर बारिश की उम्मीद जताई है. जिसके अनुसार 3 सितंबर से नगर में बेहतर बारिश की संभावना बन रही है जो तीन दिनों तक जारी रह सकती है. जिससे बांध का जलस्तर भी बढ़ेगा तो पानी की आपूर्ति भी हो सकेगी.

जून माह से शुरू हुआ मानसून अब तक नगरवासियों के मनमाफिक नहीं बरसा है. अगस्त माह में ही 12 घंटे हुई बारिश को छोड़ दिया जाए तो अब तक बारिश से शहरवासी अछूते ही रहे है. जिसके चलते चीलर बांध में

भी केवल पीने लायक पानी की ही आपूर्ति हो पाई है. जबकि सावन माह भी बीत चुका है और अब तक केवल 26 इंच बारिश ही हो पाई है. यही वजह है कि नगरवासी अब तक बारिश की उम्मीद में आसमान ताक रहे हैं. अब नगरवासियों को भादौ माह से उम्मीद है कि इसमें अच्छी वर्षा हो और नदियों, नालों के साथ चीलर बांध में भी पर्याप्त जलभराव हो सके.

23 में से 9 फीट ही भर पाया नगर का एकमात्र जलस्त्रोत

नगर का एकमात्र चीलर बांध भी सावन माह बीतने के बाद भी अब तक खाली है, जिसमें 23 में से केवल 9 फीट ही जलभराव हो पाया है जो 14 फीट खाली है. चीलर बांध के पूरा भर जाने से किसानों को भी फसलों के लिए नहरों के माध्यम से पानी दिया जाता है. लेकिन अब तक हुई बारिश और बांध के जलस्तर को देखकर यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसानों को गत वर्ष की तरह इस बार भी खाली हाथ ही रहना पड़ेगा. वहीं यदि भादौ माह में जलापूर्ति हो जाती है तो नगरवासियों के साथ साथ किसानों की चिंता भी दूर हो सकेगी.

कल से शुरु हो सकती है बारिश

मौसम विभाग की माने तो 3 सितंबर से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है, जिसके चलते नगर में भी 3 से 6 सितंबर तक अच्छी वर्षा की उम्मीद है. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि 3 सितंबर बुधवार की रात से बारिश की शुरूआत हो सकती है जो 6 सितंबर तक जारी रहेगी. यदि इस दौरान अच्छी वर्षा हो जाती है तो नगरवासियों की पूरे साल की चिंता समाप्त हो जाएगी.

देवास

एक नजर में

नीलकंठ महादेव की 108 दीपकों से महाआरती

देवास। राजाराम नगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर बाबा नीलकंठ महादेव की 108 दीपकों से महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन गायक संजय कुमार जैन 'लख्खा' ने भजनों की प्रस्तुति दी। विजय चौहान ने भी भजन प्रस्तुत किया। महाआरती पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवास-शाजापुर संघचालक अजय गुप्ता, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, अजबसिंह ठाकुर, मधु शर्मा आदि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत अशोक पोरवाल, आशीष गोस्वामी, कमल निगम, बाबूलाल चौधरी, कैलाश शर्मा ने किया। पूजन-अर्चन की विधि सुभाष गिरि गोस्वामी एवं रूपम उपाध्याय ने करवाई।

राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में देवास का शानदार प्रदर्शन

देवास। खालसा कॉलेज इंदौर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 5 रजत एवं 1 कांस्य सहित कुल 7 पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष बॉबी छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अंडर-11 बालिका वर्ग में आरोही वराडे ने सिंगल सोटी में रजत एवं शस्त्र प्रदर्शन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी वर्ग में इंजील खान ने फरी सोटी में रजत पदक जीता। बालक वर्ग में यतीक चौधरी ने सिंगल सोटी में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में सानवी जैन ने फरी सोटी तथा संध्या यादव ने सिंगल सोटी में रजत पदक हासिल किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में सक्षम नागर ने रजत पदक प्राप्त किया।

उत्साह के साथ मनाया संस्कृत सप्ताह

▶ शिक्षकों व बच्चों ने नगर भ्रमण कर नागरिकों को लगाया तिलक

बागली। संस्कृत भाषा के संवर्धन के लिए प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल द्वादशी से भाद्रपद कृष्ण तृतीया तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जाता है। संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ में संस्कृत विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने नगर में भ्रमण कर नागरिकों को तिलक लगा कर संस्कृत दिवस की शुभकामना दी। विद्यालय द्वारा संस्कृत आधारित प्रेरणादायक सुक्तियों के पोस्टर प्रमुख स्थानों पर लगाए गए।

श्रावण पूर्णिमा पर जटाशंकर तीर्थ पर श्रावणी उपाकर्म कर नवीन यज्ञोपवित धारण कर सप्तर्षियों का पूजन एवं हवन

कर वैदिक आचार्यों एवं संतों का पूजन किया। आचार्य से रक्षा सूत्र बंधवाकर संस्कृत के संवर्धन का संकल्प लिया गया। समापन समारोह में वेद पूजन के साथ संस्कृत के श्लोकों का गायन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य पं. राकेश नागोरी ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे आगामी जनगणना में संस्कृत को मातृभाषा या ज्ञात भाषा के रूप में अवश्य दर्ज कराएं। समापन समारोह में बड़ी संख्या में संस्था के पूर्व छात्रों सहित महंत बद्रीदास जी सम्मिलित हुए। विद्यालय के आचार्य पं. सुनीलदत्त जोशी, पं. प्रकाश व्यास, पं. ओमप्रकाश शर्मा, पं. कनिष्क द्विवेदी, पं. ललित तिवारी एवं पूजा सोनी ने भी संस्कृत के महत्व को बताया। समापन समारोह में संकुल प्रभारी प्राचार्य वासुदेव जोशी, दशरथ शर्मा, सत्यनारायण व्यास, पं. गोपाल शर्मा, पं. चंद्रशेखर जोशी, पं. मुकेश शर्मा, पं. मुकेश तिवारी उपस्थित थे। संचालन पं. राकेश नागोरी ने किया एवं आभार पं. सुनीलदत्त जोशी ने माना।

शाही अंदाज में निकले मनकामनेश्वर महादेव

देवास। भादो मास के प्रथम सोमवार को पुराना बस स्टैंड स्थित प्राचीन मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से भगवान मनकामनेश्वर महादेव की शाही सवारी धूमधाम एवं धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। मोदी परिवार के तत्वावधान एवं संयोजक ममता कुलदीप मोदी के नेतृत्व में निकली शाही सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सवारी के दौरान पूरा शहर भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। शाही सवारी से पूर्व मंदिर में भगवान मनकामनेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक किया गया। इसके बाद महाआरती कर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ शाही सवारी प्रारंभ हुई। सवारी में प्राचीन प्राण प्रतिष्ठित भगवान मनकामनेश्वर महादेव का आकर्षक मुखौटा आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ भगवा ध्वज लहराते युवा, बैंड, ढोल, भजन मंडली, घोड़े एवं बच्चों की मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। सवारी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकली।

विभाग के प्रति ईमानदारी का जज्बा सेवानिवृत्त होने पर विशेष सम्मान दिलाता है : सेठी

बागली। हेमसिंह तंवर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से वाहन चालक के पद से सेवानिवृत्त हुए। विभाग की ओर से गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग हमेशा परिवार की तरह मिला है।

इस दौरान कई बार आपातकाल स्थिति, चुनाव और अन्य व्यवस्था जुटाने में विभाग को प्रोटोकॉल के तहत जो जिम्मेदारी दी जाती है, उनमें महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने हमेशा पारिवारिक सदस्य की तरह व्यवहार किया। 62 वर्ष की उम्र में 30 वर्ष विभाग के साथ बेहतर रूप से निर्वाह किए। विदाई समारोह अवसर पर अतिथि के रूप में बागली नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव और विभाग से जुड़े कई सदस्य उपस्थित रहे।

एक नजर

भागवत कथा में बोले - बुढ़ापे का इंतजार न करें, अभी भक्ति में लगाएं मन

जिसे संसार का मालिक मिल जाता है, उसकी संसार से अपेक्षा खत्म हो जाती है

देवास। जिसे संसार का मालिक मिल जाता है, उसकी संसार से अपेक्षा खत्म हो जाती है। भगवान को बाहर नहीं, अपने भीतर खोजिए, क्योंकि वह रोम-रोम में विराजमान हैं।

यह विचार समीपस्थ ग्राम चंदाना के सामुदायिक भवन में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भागवताचार्य पं. देवकरण पंड्या ने व्यक्त किए। पं. पंड्या ने कहा कि जब भाग्य का उदय होता है और कई जन्मों के पुण्य का संचय होता है, तभी श्रीमद्भागवत कथा सुनने का अवसर मिलता है। मनुष्य को इस अवसर का लाभ उठाते हुए सत्कर्म और भगवत भक्ति में अपना चित्त लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि न जाने कितने राजा-महाराजा आए और चले गए, जिनके नाम की कभी पताका फहराती थी, लेकिन आज उनका स्मरण करने वाला भी कोई नहीं है। इसलिए 卐कर लिया सो काम और भज लिया सो राम卐 के भाव को जीवन में उतारना चाहिए।

भागवताचार्य ने कहा कि लोग अक्सर सोचते हैं कि बुढ़ापे में भजन-भक्ति करेंगे, लेकिन उस समय शरीर और परिस्थितियां साथ दें, यह जरूरी नहीं है। इसलिए जब अवसर मिला है, तभी भगवान की भक्ति में मन लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख से राम नाम निकलने मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और जीवन को नई दिशा मिलती है।